हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–104 : जौनपुर, मंगलवार 20 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## हर जरूरतमंद को रैन बसेरे में मिले अच्छी सुविधा –मुख्यमंत्री योगी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर जरूरतमंद को रैन बसेरों में अच्छी सुविधा दी जाए। प्रशासन इसे प्राथमिकता पर लेते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर व कंबल का इंतजाम हो। साफ सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उसे भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। सीएम योगी ने ये निर्देश सोमवार रात महानगर के तीन रैन बसेरों का निरीक्षण करने के दौरान दिए। उन्होंने रेलवे स्टेशन के पास, कचहरी बस स्टेशन के पास तथा झूलेलाल मंदिर के पास बने रैन बसेरों का निरीक्षण कर तथा वहां ठहरे लोगों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से जरूरतमंदों में कम्बल व भोजन का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने तीनों रैन बसेरों के बाहर भी जरूरतमंद लोगों में उच्च गुणवत्ता के कंबल वह भोजन का वितरण कर उन्हें आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सीएम योगी ने रैन बसेरों में ठहरे सभी लोगों से आत्मीय संवाद किया। कोई डॉक्टर को दिखाने के लिए तो कोई परीक्षा या अन्य कार्य से गोरखपुर आया था। मुख्यमंत्री ने उनसे यह भी पूछा कि यहां रैन बसेरों में कोई परेशानी तो नहीं। सबने व्यवस्था को लेकर संतोषजनक जवाब दिया। सड़कों पर ठिठुरते न दिखाई दें बेसहारा व जरूरतमंद : मुख्यमंत्री रैन बसेरों का निरीक्षण करने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिला




प्रशासन व नगर निकायों को निर्देशित किया गया है कि रैन बसेरों का व्यवस्थित संचालन करें। इसमें स्वयंसेवी संगठनों की भी मदद ली जाए। कोई भी बेसहारा या जरूरतमंद सड़कों पर ठिठुरता न दिखाई दे। उनके ठहरने की सम्मानजनक व्यवस्था कराई जाए। इसके साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में हर जरूरतमंद को कंबल व ऊनी कपड़े उपलब्ध कराए जाएं। हर जगह पर पर्याप्त अलाव की व्यवस्था हो। बाबा खुद ले रहे सुधि तो दिक्कत किस बात की निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कुशलक्षेम और जरूरतों के बारे में पूछे जाने पर रैन बसेरों में ठहरे लोग भाव विह्वल हो गए। उन्हें सहसा यकीन नहीं हो रहा था कि प्रतिकूल मौसम में उनके ठहरने और भोजन की जानकारी लेने खुद मुख्यमंत्री उनके पास आए हैं। रैन बसेरों में ठहरे लोगों का कहना था कि जब बाबा (योगी आदित्यनाथ) खुद उनकी सुधि ले रहे हैं तो उन्हें किस बात की दिक्कत होगी। रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान महापौर सीताराम जयसवाल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह समेत प्रशासन, पुलिस व नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निकाय चुनाव को लेकर अपना दल एस पार्टी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निकाय चुनाव को लेकर अपना दल एस पार्टी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष शिव नायक पटेल की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के वाराणसी मंडल प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव तथा पूर्व विधायक डॉ जमुना प्रसाद सरोज एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली का पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने समीक्षा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के कार्यकर्ता ही हमारे लिए सर्वोपरि हैं।अपना दल एस पार्टी ही ऐसी पार्टी है जहां प्रत्येक कार्यकर्ता का बिना किसी भेदभाव के सम्मान होता है।अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि हमारी ही पार्टी में कार्यकर्ताओं की योग्यता की कद्र होती है।अपने संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को विशेष सम्मान दिया जाता है। निकाय चुनाव में हमारी पार्टी की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।पार्टी अपने संगठन के पदाधिकारियों को उनकी इच्छा के अनुसार चुनाव लड़ाना चाहती है।वरीयता के आधार पर पार्टी टिकट देगी।पिछले माह से चलाया जा रहा विशेष सदस्यता अभियान पूरी तरह से सफल रहा।पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल का सार्थक और सराहनीय कदम तथा प्रयास आज रंग ला रहा है।विशिष्ट अतिथि के तौर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पप्पू माली ने कहा कि हर पार्टी के लोग भारी से भारी संख्या में हमारी पार्टी में शामिल हो रहे हैं जो केंद्रीय मंत्री की निष्ठा ,कार्यों के प्रति समर्पण और पूरे देश की जनता के लिए जमीनी स्तर पर काम करने का परिणाम है।राष्ट्रीय अध्यक्ष की लोकप्रियता के कारण ही आज आम जनमानस उनसे बहुत प्रभावित है और उनको उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहता है।श्रीमाली ने कहा कि हम और हमारे कार्यकर्ता व पदाधिकारी अत्यंत मजबूती और पूरी ऊर्जा के साथ



निकाय चुनाव लड़कर एक ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे ।उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव के लिए अपना दल से टिकट लेने के लिए बड़ी होड़ मची हुई है।जनपद के हर वार्ड से अध्यक्ष पद के लिए टाउन एरिया, नगर पालिका से प्रत्येक सीट के लिए कई लोग आवेदन करके लाइन में लगे हैं।हमारी पार्टी एक कमेटी का गठन करेगी जिसमें जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी और कुछ जिम्मेदार पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी जाएगी जिससे हम ज्यादा से ज्यादा निकाय चुनाव पर जीत सुनिश्चित कर सकें। सभी आवेदकों का आवेदन पार्टी कार्यालय लखनऊ भेजा जा रहा है और वहां से नाम फाइनल होकर आएगा।हम दोनों स्थिति में तैयार बैठे हैं यदि हमें समझौते के तहत कुछ सीटों पर चुनाव लड़ना है तो वह भी चिन्हित कर लिया गया है। यदि पार्टी अपने दम पर अपने चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेगी तो जनपद की सभी सीटों पर हम अपना उम्मीदवार उतारेंगे। जिलाध्यक्ष शिव नायक पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी निकाय चुनाव में अत्यंत मजबूती के साथ कार्य करके हर सीट का बेहतर परिणाम लाएंगे। आज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सब के हक और अधिकार दिलाने के लिए दिन रात एक कर के आम जनमानस के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं । वह दिखावा के बजाय हकीकत में गरीबों, पिछड़ों, दलितों को उनके अधिकार दिलाने में विश्वास करती हैं जबकि अन्य पार्टियां केवल वोट बैंक के लिए ओबीसी और दलितों का इस्तेमाल करके समाज का शोषण करके अपना पेट भरने का काम करती हैं ।संचालन जिला उपाध्यक्ष गुरुदीन यादव ने किया इस अवसर पर अनिल जायसवाल राजेश सोनकर अंजना सिंह दीपक सिंह महेश मौर्या राकेश मेघवंशी विजय सरोज पंकज सोनकर संतोष मौर्या राकेश पटेल संजय पटेल प्रसाद सोनकर मुमताज अली रमेश जायसवाल संजय मोदनवाल मुन्ना पंडित संतोष सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पाइप बिछाने हेतु खोदी सड़कों की नहीं किया मरम्मत : अब फंस रही गाडियां

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : निगम बनने के बाद भी शहर की सड़कों की हालत में सुधार नहीं हो पा रहा। आए दिन सड़कों को खोदकर पानी पाईप डाला जा रहा है ये मामला उरूवा ब्लाक ग्राम मझगावा गावं का है।चचाईराम से आगे से मझगावा तक पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क के चलते क्षेत्रीय लोगों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम में पाइप लाइन से रिसाव होने के कारण सड़क की स्थिति तालाब जैसी बन जाती है, साथ ही खुदी सड़क में वाहन फंसने से भी दिक्कत आती है। शहर में इन दिनों कई जगहों पर कार्य कराया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर सीवर लाइन के लिए खोदाई चल रही है। वहीं कई जगह पर पानी की पाइप लाइन डालने के लिए सड़कें खोदकर छोड़ दी गई। इसी क्रम में आगे से चार सप्ताह पहले खोदाई को शुरू कराई गई थी। मझगवा तक सड़क को खोदने के बाद पाइन लाइन डालते हुए गड्ढे को भर दिया गया, लेकिन उसे पूरी तरह से सही करना भूल गए। पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क हादसों का सबब बन गया। इसमें बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। दूसरी तरफ वाहन भी आए दिन आकर फंस जाते हैं। वाहनों को फंसने पर उन्हें निकालने में काफी दिक्कतों से दो–चार होना पड़ता है पत्रकार रवि कुमार ने बताया की समस्या



का समाधान कराया जाए खोदी सड़क काफी बड़ी समस्या बन गई है। बच्चे घर से निकलने से डरते हैं। पानी भरा होने के कारण उनके कपड़े खराब होने का डर बना रहता है तो कहीं ठोकर लगने का डर बना रहता। कई दिन बीतने के बाद भी सड़क को सही करने की फुर्सत अधिकारियों को नहीं मिली है।शहर की सड़कें से दिक्कतें खत्म नहीं हो रही है। सड़कों की समस्या का समाधान कराया जाए, जिससे बेहतर यातायात मिल सकें। पाइप लाइन के नाम पर खोदी गई सड़क में वाहन फंस जाते हैं। उसे निकालने में काफी दिक्कतों से दो–चर होना पड़ता है। यह नजारा रोज ही देखने को मिलता है।

## समाज की सेवा के लिए हर वक्त तैयार है एनएसएस – राज बहादुर यादव समन्वयक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय कैंप का आयोजन हुआ जिसमें पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक का सम्मान समारोह रखा गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व समन्वयक डॉ हसीन खान ने की इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्तमान समन्वयक डॉ राजबहादुर यादव रहे एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व समन्वयक प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार यादव रहे। सभी सम्माननीय अतिथियों का पुष्प एवं बुके देकर प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने स्वागत किया। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ अब्दुल कादर खान ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना देश के प्रति हर सेवा के लिए तत्पर होती है राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा बच्चे अपना सर्वांगीण विकास एवं देश के लिए एक अहम योगदान दे सकते हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना को एक नया आयाम देना है समाज और देश के प्रति सभी स्वयंसेवक एवंम सेविकाओं को हर वक्त तैयार रखना है नई–नई सरकार की योजनाओं के साथ सभी स्वयंसेवकों को उनका लाभ पहुंचाना है। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहा की पूर्वांचल विश्वविद्यालय ऐसा मात्र विश्वविद्यालय है जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के सबसे ज्यादा स्वयंसेवक और स्वयंसेविका मौजूद है और जो हर आपदाओं में अपना अहम योगदान देते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ हसीन खान ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना अपने कर्म से आज देश में नाम रौशन कर रही है मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की छात्रा आंचल मौर्य कर्तव्य पथ पर परेड के लिए चयनित की गई है जो हर्ष का विषय है। इस मौके पर डॉ कमरुद्दीन शेख,डॉ जीवन यादव,डॉ नीलेश सिंह,डॉ ममता सिंह,डॉ राकेश कुमार बिंद,डॉ प्रेमलता गिरी,डॉ शाहिदा परवीन,अहमद अब्बास खान इत्यादि महाविद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविका मौजूद रहे।

## बस की चपेट में आने से मासूम की मौत : स्कूल का लापरवाही बन रहा कारण

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरलालका रोड पर स्कूल बस की चपेट में आने से मासूम बच्ची की मौत हो गई। मंगलवार दिन के लगभग एक बजे मोहल्ला आलमगंज निवासी मोहम्मद साबिर की 8 वर्षीय पुत्री आनाविया जौनपुर पब्लिक स्कूल से पढ़कर ई–रिक्शा से घर जा रही थी। उसी समय अचानक भीड़ भाड़ होने के नाते ई रिक्शा में झटका लगा। झटका लगने के कारण उक्त बालिका अचानक सड़क पर आ गई और तेज गति से आ रही स्कूल की एक बस की चपेट में आ गई। स्कूल बस का चक्का उक्त बालिका के ऊपर से पार हो गया। स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उसी में मोहम्मद जमाल के पुत्र ने बच्ची को उठाकर जिला अस्पताल ले गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे देखकर मृत घोषित कर दिया। यह दुर्घटना की जानकारी जैसे परिजनों को लगी रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे और बच्ची की लाश को लेकर घर चले गए। शहरी इलाके में जाम की समस्या से जहां निजात नहीं मिल रही है वहीं दुर्घटना का डर हमेशा बना रहता है। इसी भीड़ बालों के कारण आज उक्त स्कूल की छात्रा मासूम बच्ची दुर्घटना की भेंट चढ़ गई। आपको



याद दिलाते हुए चले की इस जनपद में जिला अधिकारी रहे सुभाष एलवाई ने स्कूलों को निर्देशित किया था कि वह अपने स्कूल में बड़ी बसों को हटाकर छोटी बसें लगाएं जिससे शहर में जाम की समस्या से निजात मिल सके। कुछ दिन तक तो यह निर्देश चला लेकिन जिला अधिकारी के स्थानांतरण के बाद उनका आदेश भी बट्टे खाते में चला गया। शहरी इलाके के कई बड़े स्कूलों द्वारा बड़े वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है जिसके कारण शहर में जाम की समस्या में एक समस्या यह भी है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्रदेश स्तरीय सब–जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : क्रीड़ा अधिकारी, जौनपुर डॉ0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वाधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 हैंडबॉल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सब–जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 31 दिसंबर, 2022 तक इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर, जौनपुर में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में सब–जूनियर बालिका हैंडबॉल का जनपदीय चयन परीक्षण 22 दिसम्बर 2022 को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की जन्म तिथि 01 जनवरी 2006 या उसके बाद की होनी चाहिए। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 24 दिसम्बर 2022 को प्रातः 10 बजे से वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेशीय सब–जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता जो जौनपुर में आयोजित होगी, में प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र तैयार कराकर एवं पात्रता प्रमाण के साथ आधार कार्ड एवं जन्म तिथि प्रमाणित की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं मूल प्रति अपने साथ लेकर अवश्य आयें। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, जौनपुर में सम्पर्क किया जा सकता है।

## ठंड में संडीला पुलिस बनी मददगार : ठंडक से ठिठुर रही बच्चियों को दिए गर्म कपड़े

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मंगलवार को संडीला कोतवाल डीके सिंह कोतवाली में बैठकर फरियादियों की समस्याओं का निराकरण कर रहे थे। उसी समय एक महिला फरियादी के साथ आई दो बच्चियों



पर कोतवाल डीके सिंह की नजर पहुंच गई। कड़ाके की ठंड व घने कोहरे में वह कांप रही थी। कोतवाल डीके सिंह को यह नजारा देखा न गया। तत्काल कोतवाल ने दो स्वेटर ,दो टोपा व दो पजामी मगाकर बच्चियों को तुरंत पहनाई। ऐसा नजारा देख मौजूद फरियादियों ने कोतवाल डीके सिंह की लंबी उम्र की मन्नते मांगी। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह कह रहे हैं कि ठंड ने कोहरे के साथ शहर में दस्तक दे दी है। उन्होंने अपील की है कि सड़कों और फुटपाथ के किनारे रात बिताने वाले लोगों की मदद के लिए समाज के लोग भी आगे आये। असहायों की सहायता करने में संडीला संडीला पुलिस भी पीछे नहीं है। पुलिस रात में सड़कों पर निकल रही है। ठंड में सड़क और फुटपाथ पर सोने वाले और जरूरतमंदों को कंबल, ऊनी कपड़े, टोपी और जूते मोजे का वितरण कर रही है।

## बघौली पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने 10–10 हजार के दो इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बघौली पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने 10–10 हजार के ईनामी बदमाश जिनके ऊपर गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है,को खजुरमई तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। बघौली एसएचओ ज्ञानेश दुबे ने एसआई मार्कंडेय सिंह, क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबिल राजेन्द्र यादव,होरी लाल, अभिनंदन,सम्राट रघुवंशी के अलावा थाने में तैनात कांस्टेबिल रामेन्द्र कुमार, मिलेन्द्र कुमार, श्रवण कुमार, अभिषेक तोमर और रविन्द्र कुमार के साथ मंगलवार को खजुरमई तिराहे से 10–10 हजार के ईनामी छोटू कश्यप उर्फ करिया पुत्र कल्लू कश्यप निवासी व्हाइट गंज कोतवाली शहर और ओमनारायण कश्यप उर्फ गोलू कश्यप पुत्र राधेश्याम निवासी नबीपुरवा कोतवाली शहर को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के खिलाफ गैगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।एसपी राजेश द्विवेदी ने दोनों के ऊपर 10–10 हजार का ईनाम रखा था। गिरफ्तार किए गए छोटू कश्यप उर्फ करिया के खिलाफ आठ और ओमनारायण उर्फ गोलू कश्यप के खिलाफ 6 मामले दर्ज हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जिसनें प्रभु को अपना दिल दे दिया वह दुनिया से कभी उम्मीद नहीं करता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# बढ़ती मानव आबादी, घटती जैव–विविधता

रिपोर्ट में कहा गया है, 'बढ़ते तापमान पहले से ही बड़े पैमाने पर मृत्यु दर की घटनाओं को बढ़ा रहे हैं, साथ ही जीव प्रजातियों के विलुप्त होने का प्राथमिक कारण बन रहे हैं।

विगत पांच दशकों में दुनिया में मानव आबादी लगभग दोगुना से अधिक बढ़ गई है, मगर इतने समय में ही वन्यजीवों की आबादी में 69 फीसदी की गिरावट आई है। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 2022 की रिपोर्ट में प्रकाशित यह तथ्य धरती पर पारिस्थितिकी तख्तापलट जैसी घटना को दर्शाता है। विश्व वन्यजीव कोष की नवीनतम लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट के अनुसार, स्तनधारियों, पक्षियों, उभयचर, सरीसृप और मछली सहित अनेक प्रजातियों की संख्या में 1970 और 2018 के मध्य भारी गिरावट देखी गई है। भारत भी वन्यजीवों के उजड़ने से अछूता नहीं है।

वन्यजीवों की आबादी में निरंतर कमी के पीछे मानव–जनित घटनाओं के साथ जलवायु परिवर्तन भी है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'बढ़ते तापमान पहले से ही बड़े पैमाने पर मृत्यु दर की घटनाओं को बढ़ा रहे हैं, साथ ही जीव प्रजातियों के विलुप्त होने का प्राथमिक कारण बन रहे हैं। प्रत्येक डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने से वन्य जीवों के नुकसान और लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव में वृद्धि की आशंका है।' डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, इंडिया के कार्यक्रम निदेशक डॉ. सेजल वोरा के अनुसार, इस अवधि में देश में मधुमक्खियों और मीठे पानी के कछुओं की 17 प्रजातियों की आबादी में गिरावट देखी गई है।

रिपोर्ट में पाया गया है कि हिमालयी क्षेत्र और पश्चिमी घाट जैव–विविधता के क्षरण के मामले में देश के प्रमुख क्षेत्रों में से हैं, जहां तापमान में वृद्धि होने पर जैव–विविधता के नुकसान बढ़ने की आशंका है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, इंडिया के महासचिव रवि सिंह का कहना है, 'हाल में चीतों के स्थानांतरण जैसी परियोजना वन्य प्रजातियों के संरक्षण का अच्छा उदाहरण है, और भारत ने प्रोजेक्ट टाइगर तथा एक सींग वाले राइनो और शेरों के संरक्षण जैसी सफलताएं देखी हैं। इन प्रजातियों के संरक्षण का उस आवास क्षेत्र में रहने वाली अन्य सभी प्रजातियों पर प्रभाव पड़ता है।'

जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन द्वारा प्रकाशित द्विवार्षिक रिपोर्ट बताती है कि कैसे वन्यजीव निरंतर घटती जैव–विविधता और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते दबाव झेल रहे हैं। लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर निगरानी वाले वन्यजीव की आबादी में 1970 और 2018 के बीच 94 फीसदी की औसत गिरावट गिरावट देखी गई है। इसी अवधि के दौरान, अफ्रीका में निगरानी आबादी में 66 फीसदी की गिरावट आई, जबकि एशिया–प्रशांत की निगरानी आबादी में 55 फीसदी ह्रास दर्ज किया गया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने पाया है कि मीठे पानी में रहने वाले जंतुओं की आबादी में सबसे अधिक गिरावट आई है–1970 और 2018 के बीच औसतन 83 फीसदी की गिरावट। आईयूसीएन रेड लिस्ट से पता चलता है कि साइकैड्स (बीज पौधों का एक प्राचीन समूह) सबसे अधिक खतरे वाली प्रजातियां हैं, जबकि कोरल रीफ सबसे तेजी से घट रहे हैं और उसके बाद उभयचर।

दुनिया भर में वन्यजीवों की आबादी में गिरावट का मुख्य कारण है, उनके प्राकृतिक आवासों, विशेषकर वनों का क्षरण और दोहन। वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों में पौधों और जंतुओं की आक्रामक प्रजातियों का अतिक्रमण हो रहा है, जिससे मूल वन्यजीवों को पर्याप्त आहार नहीं मिल पा रहा है और ऊपर से वे आक्रामक जंतुओं के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और बीमारी वन्यजीवों की आबादी घटाने वाले अन्य कारण हैं। अबाध गति से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए भूमि–उपयोग में परिवर्तन भी प्रकृति के लिए बड़ा खतरा है।

जो प्राकृतिक परिवेश वन, जीव–जंतुओं के मूल निवास थे, उनमें से अधिकांश को कृषि भूमि, सड़कों, पर्यटक स्थलों और मानव आवासों के विकास हेतु अधिकृत कर लिया गया है। सबसे अनमोल संसाधन भूमि है और आर्थिक विकास उसके उपयोग का केंद्र–बिंदु बन गया है। अगर हम धरती के

तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में असमर्थ होते हैं, तो आशंका है कि आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन ही जैव–विविधता के विलोप का प्रमुख कारण होगा। उदाहरण के लिए, समुद्री जल के गर्म होने से लगभग 50 फीसदी कोरल पहले ही विलुप्त हो चुके हैं।

रिपोर्ट में यह भी तथ्य सामने आया है कि स्थलीय कृषि, जलीय कृषि और तटीय विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रति वर्ष 0.13 फीसदी की दर से मैंग्रोव की कटाई जारी है। तूफान और तटीय कटाव जैसे प्राकृतिक कारणों के साथ–साथ अति दोहन और प्रदूषण से कई मैंग्रोव विनष्ट हो जाते हैं। मैंग्रोव जैव–विविधता संरक्षण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण प्राकृतिक आवास हैं और तटीय समुदायों की अनेकानेक सामाजिक–आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति मैंग्रोव से ही होती है। उदाहरण के लिए, 1985 के बाद से सुंदरवन मैंग्रोव का 137 किलोमीटर हिस्सा नष्ट हो गया है, जिससे वहां रहने वाले एक करोड़ लोगों में से कई के लिए भूमि और पारिस्थितिक सेवाएं कम हो गई हैं।

स्वच्छ और निर्मल धाराएं जीव–जंतुओं के आवास का प्राकृतिक स्रोत हैं। लेकिन केवल 37 फीसदी नदियां ही बची हैं, जो 1,000 किलोमीटर से अधिक लंबी हैं और मुक्त बहती हैं। भारत में शेष नदियां मुक्त–प्रवाह की अवस्था में नहीं रह गई हैं। जब बहती नदी प्रदूषित हो जाती है और उसका प्रवाह अवरुद्ध होने लगता है, तो उसके अंदर पनपने वाले जीव–जंतुओं का अस्तित्व समाप्त होने लगता है। भौगोलिक रूप से दक्षिण पूर्व एशिया वह क्षेत्र है, जहां प्रजातियों के विलुप्तीकरण के खतरे ज्यादा हैं, जबकि ध्रुवीय क्षेत्रों और ऑस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी तटों पर जलवायु परिवर्तन के उच्चतम प्रभाव की आशंकाएं दिखाई पड़ रही हैं, जिनका विशेष रूप से पक्षियों के जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

प्रकृति की जैव–विविधता जीवित ग्रह पर जीवन की सततता, स्थायित्व और प्रफुल्लता का आधार है। वन्यजीव प्राकृतिक विविधता की सबसे महत्वपूर्ण कड़ियां हैं। यदि वन्यजीवों की आबादी यों ही सिमटती रही, उनके पारिस्थितिक परिवेश यों ही लुटते–उजड़ते रहे, और जीव प्रजातियां यों ही विलुप्त होती रहीं, तो समझिए पारिस्थितिकी का तख्तापलट सन्निकट है। वन्यजीवों एवं उनके प्राकृतिक परिवेशों की सुरक्षा व विस्तार हमारे सामाजिक–आर्थिक विकास योजनाओं के केंद्र में हों, तभी हम अपने अक्षय विकास के पथ पर बढ़ सकेंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## कुलपति प्रोफेसर फरजाना मेहदी और डीन डॉ ए.के. श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एरा विश्वविद्यालय में ''उद्घोष'' 17 दिसंबर से 23 दिसंबर, 2022 तक खेल और सांस्कृतिक सप्ताह की शुरुआत का प्रतीक है। एरा विश्वविद्यालय परिसर में उनके सप्ताह भर चलने वाले खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के उत्सव का भव्य उद्घाटन हुआ। सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन माननीय कुलपति प्रोफेसर फरजाना महदी और डीन डॉ ए.के. श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। खेल समन्वयकों के अनुसार पूरा सप्ताह मौज–मस्ती से भरा रहने वाला है और इसका उद्देश्य युवा छात्रों के समग्र शारीरिक और मानसिक कल्याण को प्रोत्साहित करना और विकसित करना है। ''स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है'' उक्ति को ध्यान में रखते हुए एरा विश्वविद्यालय ने उपरोक्त खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया है क्योंकि इसका उद्देश्य अपने युवा छात्रों को चपलता के चरम पर पहुंचाना है। सप्ताह भर चलने वाले खेल और सांस्कृतिक उत्सव के दौरान, छात्रों ने क्रिकेट, एक्सटेम्पोर, फुटबॉल, टैटू बनाने, एथलेटिक्स, कविता, गायन और नृत्य जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। सीखने और विकास के क्षेत्र में छात्रों के लिए यह वास्तव में एक उत्साहपूर्ण अनुभव था। 17 और 18 दिसंबर, 2022 को छात्रों ने उपरोक्त कार्यक्रमों में भाग लिया और निम्नलिखित पुरस्कार जीते। लड़कियों के क्रिकेट में टीम वारियर्स



और ट्रोजन्स ने खेल श्रेणी में बढ़त बनाई। सांस्कृतिक प्रतियोगिता श्रेणी में विजेता टीमों, पैंथर्स ने प्रथम पुरस्कार जीता, उसके बाद वारियर्स और संबद्ध विज्ञान के छात्रों को व्यंग्यात्मक श्रेणी में दूसरे स्थान पर रखा गया। सामाजिक श्रेणी में टीम ट्रोजन्स को पहला स्थान मिला और उसके बाद टीम पैंथर्स को। तत्काल प्रतियोगिता में संस्कृति (कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग) और विष्णु सिंह यादव (बी.फार्मा) ने प्रथम पुरस्कार और रीता सिंह (नर्सिंग) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोएटिक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पांच विजेता सैयद हसन अब्बास, मोहम्मद अमान खान, बुटूल रिजवी, पूजा सिंह और अनन्या पीटर थे। दिनांक 19 दिसम्बर, 2022 को खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव के तीसरे दिन ''उदघोष'' के बैनर तले एरा विश्वविद्यालय परिसर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निम्न टीमें विजयी रहीं। फार्मेसी कॉलेज ने पहला, विज्ञान विभाग ने दूसरा और नर्सिंग कॉलेज ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों की टीम के बीच आयोजित क्रिकेट मैच जिसमें फार्मेसी कॉलेज ने संबद्ध विज्ञान विभाग पर जीत हासिल की।

# प्रशासन गांव की ओर नारे से होगी सुशासन सप्ताह की शुरुआत

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के पूर्व योगी सरकार ने सुशासन सप्ताह मनाने का निर्णय लिया है।तहसील बल्दीराय में भी सुशासन सप्ताह की शुरुआत होने जा रही है।उप जिलाधिकारी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व तहसीलदार घनश्याम भारतीय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री समेत विभिन्न पटल पर आने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए टीम बनाई जा रही है।एसडीएम ने बताया कि पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन सप्ताह के रूप में मनाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री समेत विभिन्न पटल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रशासन गांव की ओर नारे के साथ सुशासन




सप्ताह मनाया जाएगा। सभी शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजस्व के सभी जिम्मेदार कर्मचारियों को उचित निर्देश दिए जा रहे हैं। सबको स्थल पर न्याय मिले कोई भी न्याय से अछूता ना रहे यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है।

## ब्राह्मण समाज किसी भी राजनीतिक दल का पिछलग्गू नहीं

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : राजनीतिक दल हमारे साधन हो सकते हैं लेकिन साथ दे नहीं जो हमें भागीदारी देगा हम उसी के साथ रहेंगे ब्राह्मण सम्मान एवं स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया जाएगा उक्त विचार संयुक्त विप्र समाज मोर्चा के संयोजक पंडित रुपेश शुक्ला ने सीताकुंड घाट पर आयोजित सभी ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधियों की एक बैठक में व्यक्त किए उन्होंने स्थानीय निकाय चुनाव को देखते हुए पूरे जनपद में संयोजक की नियुक्ति की जिसमें नगर क्षेत्र से पंडित लालजी शुक्र संयोजक दुर्गा प्रसाद तिवारी सहसंयोजक देवी शंकर पांडे सहसंयोजक दोस्तपुर श्री रोहित मिश्रा संयोजक ज्ञान प्रकाश चतुर्वेदी सहसंयोजक लंभुआ क्षेत्र पंडित मुरलीधर शुक्ला संयोजक पंडित रमेश दुबे अनिल झा बाबा सहसंयोजक कादीपुर क्षेत्र पंडित राजबली मिश्रा संयोजक विपिन पांडे लोहा पांडे सहसंयोजक कोइरीपुर क्षेत्र पंडित संतोष मिश्रा संयोजक इंद्र केस मिश्रा भोले शुक्ला संयोजक यह सभी विप्र समाज के पदाधिकारी आगामी चुनाव में ब्राह्मणों के संदर्भ में पूर्ण रूप से यह तय करेंगे कि कौन सा दल हमें सम्मान दे रहा है या हमारे समाज का प्रतिनिधित्व कर रहा है वह हमें प्रतिनिधित्व करने का अपने दल से मौका दे रहा है बैठक में पंडित लालजी शुक्ला डॉक्टर संजय मिश्रा डॉ बीके शुक्ला प्रदुम चतुर्वेदी देवी शंकर पांडे पंडित रमेश शर्मा विपिन भूषण तिवारी रामवीर उपाध्याय हरीश पाठक राजेंद्र तिवारी सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान हुए दंगे में मुख्य साजिसकर्ताओं पर लगा एनएसए : मचा हड़कंप

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : इब्राहिमपुर दंगे के मुख्य साजिशकर्ता मदरसा प्रिंसिपल शरफुद्दीन और मौलानाधशिक्षक कलीमुद्दीन पर लगा राष्ट्रीय सुरक्षा एक्ट।एनएसए की कार्रवाई होने से दंगे में शामिल रहे फरार मुलजिमों की बढ़ी धड़कनें। 10 अक्टूबर को बल्दीराय थानाक्षेत्र के इब्राहिमपुर में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान भड़की थी हिंसा। प्रतिमा खंडित करने,जानलेवा हमला,आगजनी,धार्मिक भावनाएं आहत करने और तोड़फोड़ करने के मामले में जेल में बंद चल रहे दोनों आरोपी।जिला मजिस्ट्रेट रवीश गुप्ता ने कार्रवाई की पुष्टि।

# कांग्रेस पार्टी के युवा नेता व नगर अध्यक्ष नौशाद खान की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिले में हुए बड़े रोड हादसे में कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ खान बाबा की मृत्यु हो गयी।सड़क एक्सीडेंट में युवा नेता की मौत हो जाने से कांग्रेसियों सहित नागरिकों में शोक की लहर ब्याप्त हो गयी।टांटिया नगर के पास युवा नेता की स्कार्पियो से डम्फर की जोरदार टक्कर हो गई।सूत्रों के अनुसार नगर अध्यक्ष नौशाद खान अपने प्लाट से स्कार्पियो से घर वापस लौट रहे थे कि टांटिया नगर के पास तेज रफ्तार डम्फर ने जोरदार टक्कर मार दिया।टक्कर इतनी जोर से हुई कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ खान बाबा की सड़क हादसे में मृत्यु हो गयी।कांग्रेस नगर अध्यक्ष की सड़क हादसे में हुई मृत्यु से जिले भर में



शोक की लहर ब्याप्त हो गयी।उनके घर पर शुभचिंतकों का जमावड़ा लगा हुआ है।

## भोजपुरी शार्ट फिल्म ''हमके माफ कइ द$'' की शूटिंग हुई संपन्न

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सूरजतारा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही भोजपुरी शॉर्ट फिल्म ''हमके मांफ कइ द$'' की शूटिंग हुई संपन्न। यह फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक व साफ सुथरी है। इस फिल्म के माध्यम से समाज में फैली बुराइयों पर प्रकाश डाला गया है यह फिल्म मनोरंजन के साथ–साथ ज्ञानवर्धक भी है। फिल्म में सभी स्थानीय कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म का कथानक कुछ इस प्रकार है एक बुजुर्ग दंपत्ति है उसका एक बेटा व बहू घर में है। बेटा व बहू को ऐसा लगता है कि मां–बाप की वजह से हमें पूरी स्वतंत्रता नहीं मिल पा रही है जिसकी वजह से कहीं आने जाने में दिक्कत महसूस हो रही है। दोनों आपस में विचार करके तय करते हैं कि क्यों ना मां बाप को वृद्धाश्रम में छोड़ आया जाए ? इस पर लड़के की भी सहमति बनती है और वह अपने मां–बाप को वृद्धाश्रम छोड़ने जाता है लेकिन वहां होता क्या है यह सारा कुछ फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। फिल्म के लेखक व सह निर्देशन बेचन सिंह,निर्देशन प्रदीप जायसवाल, कलाकार शिवाजी जायसवाल, नेहा गुप्ता, मुकेश प्रधान, रिंकी शुक्ला, देव जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, बेचन सिंह कैमरामैन कृष्ण मुरारी लाल निषाद,मेकअप देव जायसवाल।

## केंद्रीय मंत्री ने किया सुशासन सप्ताह का ऑनलाइन उद्घाटन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : केंद्रीय मंत्री ऑनलाइन सुशासन सप्ताह का उद्घाटन किया 19 से 25 दिसंबर तक चलने वाले सुशासन सप्ताह के दौरान देश के सभी संबंधित अधिकारी ऑनलाइन जुड़ कर सुशासन सप्ताह के उद्घाटन के दौरान 81 लाख आवेदकों के समस्याओं का निदान किया गया गोरखपुर से एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ऑनलाइन जुड़कर केंद्रीय मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए गोरखपुर में पीड़ितों की समस्याओं का निदान किया गया। सोमवार को केन्द्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह सुशासन सप्ताह 2022 के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान का उद्घाटन किए।केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह नई दिल्ली से देश के सभी जनपदों के संबंधित अधिकारियों को सुशासन सप्ध्ताह 2022 के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉक्ध्टर सिहं सुशासन सप्ध्ताह की वेबसाइट–www.pgportal.gov.in का शुभारंभ भी किया। पांच दिन के इस अभियान में देश भर के जिला कलेक्टरों द्वारा चिन्हित तीन हजार से अधिक नई सेवाओं को ऑनलाइन किया जाएगा। लोक शिकायतों के निवारण और लोगों को सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार के लिए देश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें सात सौ से अधिक जिलाधिकारी भाग लेंगे और अधिकारी तहसील और पंचायत समितियों के मुख्यालयों का दौरा करेंगे। सुशासन सप्ताह 2022 के तैयारी के दौरान 10 से 18 दिसम्बर तक जिला अधिकारियों ने राज्य शिकायत वेबसाइट पर निवारण के लिए उन्नीस लाख से अधिक लोक शिकायतों की पहचान की है जिनका समाधान किया गया। साथ ही सेवा प्रदान करने के लिए 81 लाख से अधिक आवेदनों की भी पहचान की है उसका भी निस्तारण किया गया। 19 से 25 दिसम्ब्बर तक चलने वाले सुशासन सप्ताह के दौरान लोक शिकायतों के निवारण से जुड़ी सफलता की 43 कहानियां भी साझा की जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी जिलों और तहसीलों में सुशासन सप्ताह की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विशेष रूप से प्रसन्ध्नता की बात है कि इस वर्ष भी, प्रशासन गांव की ओर अभियान सुशासन सप्ताह का हिस्सा बना हुआ है।

## राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत ब्लाक बक्सा विकासखंड सभागार में महिला शक्ति केंद्र की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत ब्लाक बक्सा विकासखंड में सभागार में महिला शक्ति केंद्र की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद्र की महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा द्वारा महिलाओं के लिंग असमानता के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा के खिलाफ महिलाओं को स्वयं आवाज उठानी चाहिए। इस पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर जो कि महिला और बालिकाओं के लिए बनाया गया है जिसमें एक ही छत के नीचे उन्हें 5 सुविधाओं से लाभान्वित किया जाता है। उसी क्रम में जिला समन्वयक बबीता ने सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वृद्धावस्था योजना के बारे में विस्तार से बताया और कहा की सभी लोग योजनाओं के बारे में जानकारी रखें ताकि बिचौलियों का कोई कार्य न हो अर्थात जब तक हम किसी योजनाओं के बारे में जानेंगे नहीं यह समझेंगे नहीं यह जागरूक नहीं होंगे तब




तक हमें उसका लाभ नहीं मिल पाएगा। जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय जेंडर अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलाया जा रहा है जिसमें बालक और बालिका के प्रति हो रहे लिंग असमानता के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार इस लिंग असमानता को कम करने हेतु विभिन्न प्रयास कर रही है उसमें सबसे मुख्य महिलाओं व बालिकाओं हेतु सरकार द्वारा संचालित बालिकाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसी प्रकार महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए कई टोल फ्री नंबर जैसे 181 महिला हेल्पलाइन नंबर, 1090 विमेन पावर हेल्पलाइन नंबर, 1098 हेल्पलाइन नंबर, 112 तत्काल पुलिस सेवा टोल फ्री नंबर चलाए जा रहे हैं, जिसकी सहायता से महिलाएं व बालिकाएं अपनी समस्या का समाधान पा सकती है। कार्यक्रम में समूह की महिलाएं व अन्य महिलाएं तथा बालिकाएं उपस्थित रही।

# जनपद के सभी विकास खंडों में एक साथ 63 ग्राम पंचायतों में मनाया गया सुशासन दिवस

जौनपुर सू.वि. : शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में जनपद के सभी विकास खंडों में सुशासन दिवस के अवसर पर प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में जनपद के सभी विकास खंडों में एक साथ 63 ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस मनाया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक जनपद स्तरीय अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया, इसके साथ ही साथ सभी खंड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी द्वारा भी सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन पर एक जन चौपाल का भी आयोजन कराकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत में कानून व्यवस्था, वरासत वितरण, धारा 24, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनाना एवं वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में केवाईसी कराना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम, विद्युत बिल कलेक्शन, राशन वितरण एवं श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के साथ ही साथ आई.जी.आर.एस. एवं सी.पी.ग्राम में लंबित शिकायतों का निस्तारण जन्म मृत्यु पंजीकरण भी कराया गया। इस अवसर पर जनपद में कुल 695 वरासत




वितरण, 60 पैमाइश कराई गई, 710 वृद्धावस्था पेंशन, 230 विधवा पेंशन, 25 दिव्यांगजन सशक्तिकरण पेंशन के फार्म भरवाए गए। 710 किसानों का किसान सम्मान निधि का खाता केवाईसी कराया गया। 25 कन्या सुमंगला तथा 10 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के फार्म भरवाए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 610 लाभार्थियों का सत्यापन कर आवास सॉफ्ट पर प्रधानमंत्री आवास हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया। मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों का आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। कुल 650 व्यक्तिगत शौचालय के अलावा लाभार्थियों का पंजीकरण कराया गया। 210 राशन कार्ड के फॉर्म ऑनलाइन कराए गए। ग्राम पंचायतों में आई जी आर एस, तहसील दिवस एवं सीपीग्राम पर लंबित शत–प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण कराया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में बैंकिंग सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत अभय चंद पट्टी विकासखंड करंजकला में जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा जन शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य ग्राम पंचायतों में भी नामित नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी एवं उप जिला अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर शिकायतों के साथ–साथ अन्य लाभार्थी परियोजनाओं के सत्यापन एवं अवशेष पात्र लाभार्थियों का फार्म भरवाया गया।

## राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तवः स्थानीय राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में राजर्षि कुंवर श्रीपाल सिंह की पुण्यतिथि के स्मृति में दो दिवसीय दिवसीय वार्षिक खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुंवर जय सिंह ( प्रबंधक राजा हरपाल सिंह पीजी महाविद्यालय) रहे।उन्होंने छात्र–छात्राओं से कहा कि पढ़ाई तो जरूरी है ही लेकिन पढ़ाई के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने से आपके अंदर छिपी प्रतिभा निखरती है। महाविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में कबड्डी प्रतियोगिता में कला संकाय विजेता रहा रस्सी खींच प्रतियोगिता में नान टीचिंग स्टाफ विजेता रहा ,गोला फेंक में संध्या मिश्र भाला फेंक में प्रीति मौर्य, बालक वर्ग में शुभम पाल प्रथम रहे। चक्र प्रक्षेप में संध्या मिश्रा , इंद्रजीत मिश्र प्रथम रहे । हैमर थ्रो में कुनाल सिंह, लंबी कूद में रूपा निषाद, आदित्य प्रथम रहे। 400मीटर दौड़ अवनीश विश्वकर्मा, बालिका वर्ग में मनकला चौहान प्रथम रही।800 मीटर दौड़ में अवनीश विश्वकर्मा, कोमल निषाद पाल प्रथम रहे, 200 मीटर दौड़ में साधना मिश्रा, मुकेश पाल प्रथम रहे ऊंची कूद में साधना मिश्रा प्रथम रही। महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिव ताण्डव, कजरी, एकल डांस, नाटक,कव्वाली पर शानदार प्रस्तुति किया गया अन्य रंगारंग कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया।तदुपरांत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात विजयी प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि व प्राचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह द्वारा दिया गया।इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. एनके सिंह, अशोक सिंह, डॉ इंदु कुमार सिंह,सती प्रसाद मिश्र, संजय तिवारी, डॉ.कल्पना सिंह, डॉ.सीमा सिंह, डॉ.अंजनी मिश्र सहित महाविद्यालय के तमाम शिक्षक, कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## जन समस्याओं के निराकरण में अहम भूमिका निभाती है मीडिया –डॉ. तिवारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तवः यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की तहसील इकाई की नरायनपुर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ डोभी डॉ. छोटेलाल तिवारी ने कहा कि मीडिया के द्वारा जनसमस्याओं से संबंधित तथ्यात्मक रूप से जो खबरें प्रकाशित की जाती है।उन खबरों के द्वारा संज्ञान में आयी समस्या का निराकरण करने में काफी मदद मिलती है।जिन समस्याओं की जानकारी अधिकारियों कर्मचारियों को नहीं हो पाती उनकी मीडिया के माध्यम से ही जानकारी मिलती है। श्री तिवारी ने मीडिया कर्मियों का आह्वान किया कि जनसमस्याओं से संबंधित तथ्यात्मक खबरें अधिक से अधिक प्रकाशित करने का प्रयास करें जिससे समस्याओं का निराकरण किया जा सके।अध्यक्षता कर रहे यूनियन के तहसील अध्यक्ष डॉ. एस डी सिंह ने कहा कि जो भी खबरें प्रकाशित करने के लिए भेजें वो तथ्यपरक होनी चाहिए।खबरों में संतुलन हो।सभी पक्षों को अपनी बात समाहित हो।समाज में सजग प्रहरी की भांति अपनी भूमिका का सम्यक निर्वहन करें।समाज में फैली विकृतियों से दूर रहने का प्रयास हर मीडिया कर्मी को करना चाहिए।महामंत्री रामनाथ यादव ने सदस्यता अभियान व यूनियन के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्यातिथि डॉ. तिवारी व समाजसेवी शैल कुमार सिंह का रामनाथ यादव व लाल साहब सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन विनय सिंह ने किया।इस अवसर पर रामचन्द्र यादव, सुशील यादव, सुरेश यादव,मिथलेश गुप्ता, जगदीश गुप्ता, डॉ. इंद्रजीत,राजेश सिंह, अमित सिंह, मनोज सिंह, प्रदीप सिंह,नवीन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हादसे के तीसरे दिन बाद भी विद्यालय में लटकता रहा ताला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के परमालपुर गांव में स्थित एक विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यालय के बच्चों को टूर ले जाते समय हुए हादसे के तीसरे दिन बाद भी उक्त विद्यालय में लटका रहा ताला, विद्यालय के मेन गेट पर अग्रिम आदेश तक विद्यालय नहीं खुलेगा की नोटिस कर दी गई चस्पा अचानक इस तरिके की चस्पा हुई नोटिस की क्षेत्र में होने लगी तरह–तरह की चर्चायें। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परमालपुर में स्थित श्रीमती कांति देवी जनता विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बीते शनिवार को बच्चों को टूर पर ले जाया जा रहा था। जहां प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के भेस्की गांव के समीप वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें दो छात्र अंकित यादव व अनुराग की मौके पर मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। जहां हादसे के तीसरे दिन सोमवार को भी उक्त विद्यालय पर ताला लटका रहा व मेन गेट पर विद्यालय में हादसे के कारण अग्रिम आदेश तक विद्यालय बंद रहेगा लिखा एक नोटिस चस्पा कर दी गई। खासियत यह है कि उक्त चस्पा की गई नोटिस किसके आदेश पर चस्पा की गई है या कौन चस्पा कराया है किसी भी तरीके की कोई बात अंकित नहीं थी। अचानक गेट पर उक्त नोटिस चस्पा होने से क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं होने लगी इस संबन्ध में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने बताया बच्चे विद्यालय पहुंचकर परेशान न हो उसी के उद्देश्य से विद्यालय द्वारा उक्त नोटिस चस्पा की गई है।

## इस्लाम में महिलाओं के बेमिसाल अधिकार –मौलाना सबीहुल हसन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर के मदरसा इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम में ''अय्याम ए फातिमिया'' के शीर्षक से तीन दिनों तक मजलीसो का आयोजन हुआ। मदरसा के प्रबंधक मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने बताया कि ये मजलीसे विश्व शांति तथा मानव नैतिकता के सबसे बड़े प्रचारक एवं मुसलमानों के पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा अलैहिस्सलाम की इकलौती बेटी हजरत फातिमा जहरा की शहादत के मौके पर आयोजित की गई थीं। जिसमें शिराजे हिंद के ओलमा ए किराम तथा जाकेरीन ए किराम ने मजलीसो को संबोधित किया। मजलिस में लखनऊ से आए मौलाना सबीह–उल–हसन साहब ने मजलिस को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से इस्लाम में महिलाओं के अधिकारों की व्याख्या की गई है, वैसा उदाहरण कहीं और नहीं मिल सकता है. उन्होंने आगे कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि किसी भी संप्रदाय के पैगंबर ने महिलाओं का उस तरह से सम्मान नहीं किया जैसा मुसलमानों के प्रमुख पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब ने किया था। मौलाना ने फातिमा जहरा की विशेषताओं का वर्णन करते हुए, अल्लाह के रसूल की एक हदीस पढ़ी कि ''फातिमा मेरा हिस्सा है'' और कहा कि रसूल सभी मोमिनों, अपने असहाब और नबियों से बेहतर है, इसी तरह जनाब फातिमा भी सभी मोमेनीन तथा मोमीनात , रसूल के असहाब और नबियों से भी बेहतर है। ज्ञात हो कि तीन दिवसीय मजालिस का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जिसमे मौलाना हसन जफर , मौलाना वसी मुहम्मद , मौलाना मरगूब आलम , मौलाना मुहम्मद रजा , मौलाना तनवीर हैदर , मौलाना मनाजीरुल हसनैन , मौलाना अली अब्बास हैएरी , मौलाना शाने आलम , मौलाना रजी बीसवानी , मौलाना सैयद असगर अली तथा मौलाना सबिहुल हसन साहब ने संबोधित किया। इन मजलीसो से पहले, प्रोग्राम मे शामिल रहे सभी शोअरा ने जनाबे फातिमा की सम्मान मे अपने आशआर तथा कलाम सुनाए। समापन की पहली



मजलिस को मौलाना शायान ने संबोधित किया तथा दूसरी मजलिस को मौलाना जफर हसन ने संबोधित करते ही कहा कि रसूलल्लाह ने गदीर के मैदान मे सब को रोक कर विलायते अली अ स का ऐलान किया जिसके बाद कुरान की आयत आई जिसमे दिन के पूर्ण होने की बात कही गयी। और फिर फातिमा जहरा स अ की जीवन शैली का उल्लेख करते हुए कहा कि आपने अपनी जिंदगी मे इसी विलायते अली अ स की हीफाजत की। संबोधान को आगे जारी रखते हुए कहा कि जनाबे फातिमा जहरा के फजाएल तथा मसाएब सुन कर खुश तथा रोना काफी नही है बल्कि आज जिस तरीके से विलायते फकीह्ह पर तथा मरजा ए कीराम पर हमले हो रहे हैं, हमे जरूरत है की शहजादी ए कौनैन के जीवन से सबक हासिल करते हुए विलायते फकीह्ह तथा मरजाईयत की रक्षा करे। तभी हम आपके सच्चे अनुनायि कहलायेगे। इसके बाद की मजलीसो को मौलाना आसिफ अब्बास , मौलाना शौकत हुसैन , मौलाना निसार हुसैन , मौलाना हसन अकबर ने संबोधित किया तथा आखिरी मजलिस को मौलाना हसन मेहदी गाजीपुर ने पढ़ते हुए कहा कि कोई भी समाज तब तक तरक्की नहीं कर सकता के जब तक उस समाज मे औरतो को इज्जत ना दी जाए। क्योंकि औरतों की ही आगोश में सभ्य मनुष्य का निर्माण होता है। इस के इलावा मौलाना ने जनाबे फातिमा जहरा के दिल सोज मसाएब बयान किये जिस से मौजूद तमाम लोगों की आँखे नाम हो गईं। प्रोग्राम का आयोजन मदरसा इमाम जाफर सादिक के तमाम सदस्य, अध्यापको तथा छात्रों द्वारा हुआ। मजलिस में आए हुए मोमनीन का मौलाना शाजान जैदी ने शुक्रिया अदा किया।

## 'एलेवेटर पिच–बिजनेस प्लान प्रतियोगिता' सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आईआईएलएम एकेडमी ऑफ हायर लर्निंग, लखनऊ की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल ने 12–19



दिसंबर, 2022 के दौरान एलेवेटर पिच – बिजनेस प्लान प्रतियोगिता का आयोजन किया। 3 कठिन राउंड के बाद 19 दिसंबर को शीर्ष 3 टीमों को टीफिलो प्रा0 लि0 के सीईओ एवं मालिक मि0 सूरज यदुवंशी, निदेशक डॉ0 नायला रूश्दी, डीन डॉ0 शीतल शर्मा द्वारा स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। डॉ. सचिन श्रीवास्तव, आई.क्यू.ए.सी. के प्रमुख, ने सभी विजेताओं एवं प्रतियोगियों को बधाई दी। प्रतिस्पर्धा समन्वयक डॉ0 नेहा तिवारी ने सभी प्रतिभागियों और फैकल्टी मेन्टर्स का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 25 वर्षीय युवक की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पटरंगा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक पटरंगा थाना क्षेत्र की हाइवे चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को ग्राम चौहानन पुरवा गांव के निकट अज्ञात वाहन ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक का शव राष्ट्रीय राजमार्ग पर विखर गया। लोगों ने इस घटना की सूचना पटरंगा पुलिस को दी। सूचना मिलते पटरंगा थाना की हाइवे चौकी प्रभारी मिथिलेश सिंह तत्काल अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को फावड़े से इकट्ठा कराया और पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।इस सम्बंध में पटरंगा की हाइवे चौकी प्रभारी मिथिलेश सिंह उपनिरीक्षक सुदर्शन कुमार आर्य अपने हमराही सिपाहियों के साथ संदीप पाल कमलेश यादव अभिषेक गौतम हाईवे चौकी प्रभारी मिथिलेश सिंह ने बाताया की सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम चौहनन पुरवा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई जिसकी आधार कार्ड से पहचान हुई मृतक युवक हरगोविंद पुत्र स्व,राम उजागिर न ग्राम गायघाट थाना कलवारी जनपद बस्ती के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि यह व्यक्ति या तो पैदल था या तो किसी वाहन से गिरकर किसी वाहन की टक्कर से मौत हुई यह पता नहीं चल पाया है उसके पास मिले मोबाइल नम्बर से परिजन को सूचना दे दी गई है। मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## पांच सौ से अधिक जरूरत मन्दों को वितरित किया गया कम्बल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा के ताहिरपुर गांव में सोमवार को लखनऊ के उद्योगपति व समाजसेवी ऋषि धनेजा व विश्वजीत के सहयोग से ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद असहाय लोगों को कंबल वितरित किया गया।अपने उद्बोधन में ऋषि धनेजा ने कहा कि असहायों जरूरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य है जरूरतमंदों की सहायता के लिए समाज के सक्षम लोगों को आगे आना चाहिए।उक्त गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक नरसिंहबहादुर सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में,अवधराज सिंह, विनोद कुमार सिंह अतुल सिंह अंकित सिंह,पेशकार सिंह आदि सक्रिय रहे।अयोजक शिक्षक द्वय चंद्रप्रकाश सिंह 'बचानू' संदीप सिंह मिंटू ने दान दाताओं का आभार ज्ञापित किया।

## नोटिस चस्पा कर पुलिस ने किया धारा 82 की कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय पुलिस ने सोमवार की दोपहर धारा 363 से सबंधित अभियुक्त के घर पहुंचकर कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार शाहगंज पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 227/20 धारा 363 थाना कोतवाली से संबंधित अभियुक्त अनिल पुत्र पृथ्वी पाल निवासी सुरिस के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत धारा 82 की मकान पर नोटिस चस्पा कर कार्रवाई संपादित की गई। मौके पर उपनिरीक्षक इशरार अहमद द्वारा डुगडुगी पिटवाकर मुनादी करवाई गई। निर्देश दिया गया कि अभियुक्त नियत तिथि से पहले न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो।

## पास्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान पास्को एक्ट के आरोपी को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार रामपुर पुलिस द्वारा रामपुर में वाहन चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि धनुहा तिराहे पर अभियुक्त खड़ा है। थानाध्यक्ष रामपुर दिव्य प्रकाश सिंह ने तुरंत धनुहां तिराहे पर पहुंचे, जहां पर खड़ा व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम मधुसूदन पुत्र राधेश्याम ब्यास आशानंदपुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर बताया। हिरासत में लिए गए अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

## मारपीट की घटना में चार घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के तीन अलग अलग गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में चार लोग घायल हो गए सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी क्षेत्र के ढंढवारा खुर्द गांव में जमीनी विवाद को लेकर रविवार की शाम पडोसियों ने लाठी डंडे से मां रजिया (40)पुत्र मोहम्मद शाहजाद वबेटी नाजिया (16)पुत्री शाहजाद को पीटकर घायल कर दिया। वही सोमवार की सुबह क्षेत्र के हुसैनाबाद गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पट्टीदारो ने लाठी डंडे से मुन्ना (32)पुत्र राम चरित्तर को पीटकर घायल कर दिया।तीसरी घटना क्षेत्र के बडागांव में सोमवार की दोपहर बच्चों के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में चले लाठी डंडे से पडोसियों ने शाहबाज हासमी (29)पुत्र पीर मोहम्मद को पीटकर घायल कर दिया भुक्तभोगी घटना की सूचना पुलिस को देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर शाहबाज हासमी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## पति की हत्या की आरोपी पत्नी सहित 6 लोगों को न्यायालय ने सुनाया 10–10 साल की सजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) खंडासा थाना क्षेत्र में वर्ष 2016 में हुई थी घटना, पति राम धीरज को पत्नी सास ससुर वह साले तथा सालियों ने मारपीट कर अधमरा करके पेड़ में था बांधा। इलाज के लिए ले जाते हुए रास्ते में हुई थी मौत, जिला जज के न्यायालय ने सुनाया फैसला। अयोध्या जनपद के थाना खंडासा के एक गांव में अपने बच्चों से मिलने आये व्यक्ति की उसकी पत्नी उसके सास–ससुर व साले सहित कई अन्य लोगों द्वारा पेड़ में बांधकर मारने पीटने से हुई मृत्यु के मामले में अभियुक्तों को 10–10 साल की सजा से दंडित किया गया है तथा सभी पर 10–10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला जनपद न्यायाधीश संजीव फौजदार ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं उभय पक्षों के तर्कों को सुनने के उपरांत दिया है। अभियोजन पक्ष से जिला शासकीय अधिवक्ता रामकृष्ण तिवारी ने पैरवी किया।

## मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य कर्मियों ने सड़क पर किया चक्का जाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सिद्धीकपुर में स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन न मिलने से जौनपुर – शाहगंज मुख्य मार्ग दो बजे जाम कर दिया ।जिससे भारी लंबा वाहनों का कतार लग गया। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस व राहगीरो से स्वास्थ्य कर्मियों की नोकझोंक झड़प हुई। लेकिन पुलिस ने समझा–बुझाकर जाम को आधे घंटे बाद समाप्त कराया। उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सरकार ने एजेंसी के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की है। जिसमें सन फैकेल्टी जॉब एजेंसी माध्यम से करीब 300 और बाजपेई जॉब एजेंसी से करीब 50 स्वास्थ्य कर्मी यहां से सेवा दे रहे हैं। सभी स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि 6 माह से उन्हें वेतन नहीं मिला और जिससे उनके सामने समस्याएं खड़ी हो गई। कई बार इसके लिए उच्च अधिकारियों प्रधानाचार्य, सीएमएस से वार्ता की लेकिन आश्वासन पर आश्वासन मिलता रहा। जब उन्हें वेतन नहीं मिला तो उनके सब्र का बांध टूट पड़ा और सोमवार को करीब 2 बजे वह जौनपुर शाहगंज मार्ग पर बांस बल्ली रखकर चक्काजाम कर प्रदर्शन नारेबाजी करने लगे। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों का काफी लंबा कतार लग गया उधर राहगीरों से जाम कर्ताओं की नोकझोंक झड़प भी होने लगी । इसी दौरान सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंच गई और जाम कर्ताओ से को फटकार लगाते हुए बांस बल्ली उठाकर फेंकने लगी। इसी दौरान कांस्टेबल संतोष कुमार जख्मी हो गए। हालांकि थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र पहुंच गए और उनसे भी स्टाफ नर्स ,स्वास्थ्य कर्मी से भी नोकझोंक हुई। हालांकि उन्होंने काफी समझा–बुझाकर चक्का जाम को हटाया और तब जाकर आवागमन शुरू हुआ। इसके बाद थानाध्यक्ष से जाम कर्ता स्वास्थ्य कर्मियों के साथ उनके अधिकारियों से





बातचीत किए मौके पर सीएमएस एए जाफरी ने कहां की इन लोगों की नियुक्ति एजेंसी के माध्यम से हुई है और एजेंसी ने हमें सिर्फ काम लेने का दायित्व दिया है। भुगतान की जिम्मेदारी उसी की है तो एजेंसी इनके भुगतान करेगी वहीं से मांग करें। इसके लिए यहां कोई उत्तरदाई नहीं है ।हालांकि थानाध्यक्ष ने समझाया कि उनकी एजेंसी से बातचीत करके उनका भुगतान कराया जाएगा।

## सांसद से मिले ग्रामीण : कोटेदार द्वारा राशन वितरण में की जा धांधली की दी जानकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के अलापुर करौरा गांव के ग्रामीणों ने सांसद बी पी सरोज के आवास पर पहुंचकर उनसे कोटेदार द्वारा राशन वितरण की जा रही धांधली की जानकारी दी है तो सांसद ने जिलाधिकारी को जांच कराकर कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखा है। उक्त गांव निवासी संदीप सिंह महेंद्र कुमार,शिवकुमार, पूर्वप्रधान महेश तिवारी,जुबेर अली,फूलचंद्र, हवलदार , संतप्रसाद,वर्तमान ग्राम प्रधान समेत अन्य ग्रामीण सांसद बी पी सरोज के आवास पर पहुंचकर उन्हें लिखित शिकायत देते हुए कोटेदार द्वारा राशन वितरण में धांधली करने की जानकारी दी ।ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार अपने परिवार के पांच सदस्यों के नाम पर राशन कार्ड बनवाया है और राशन लेता है ।अन्य राशन कार्ड धारकों को अंगूठा लगवाने के बाद पूरा राशन नही देता साथ ही निधारित मूल्य से अधिक पैसा लेता है। सांसद ने ग्रामीणों को जाचोपरांत कार्यवाही क्रराने का भरोसा दिलाते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

## प्रधानाचार्य परिषद की बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानाचार्य परिषद् जौनपुर का प्रतिनिधि मण्डल, वाराणसी मण्डल के अध्यक्ष डॉ0 राम नयन सिंह के नेतृत्व में मछलीशहर तहसील के माध्यमिक विद्यालयों का सघन दौरा कर, सदस्यता अभियान को गति प्रदान करते हुए प्रधानाचार्यों की समस्याओं से अवगत हुआ। मण्डल अध्यक्ष डॉ0 राम नयन सिंह ने प्रधानाचार्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानाचार्य परिषद को सृदृढ़ कर ही हम अपने दायित्वों के निर्वहन में आने वाले अवरोधों को समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने शत–प्रतिशत सदस्यता अभियान पर बल दिया। प्रतिनिधि मण्डल में सम्मिलित प्रधानाचार्य परिषद के जिला–उपाध्यक्ष सर्वेश चन्द्र द्विवेदी एवं मछलीशहर के तहसील प्रभारी घनश्याम पटेल ने प्रधानाचार्यों से सम्पर्क के समय कहा कि प्रधानाचार्य परिषद पीड़ित, प्रधानाचार्यों के समस्याओं के निराकरण हेतु संकल्पबद्ध है। प्रधानाचार्य राजेश दूबे, वालेन्द्रमणि त्रिपाठी, हृदय नारायण गुप्त, सन्तोष कुमार सिंह सहित प्रधानाचार्यों ने प्रधानाचार्य परिषद के प्रति प्रतिवद्धता प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानाचार्य परिषद की गतिशीलता ही हमें अपने लक्ष्यों की तरफ तीव्रता से गतिमान होने में सहायक होती है। प्रतिनिधि मण्डल ने फौजदार इण्टर कॉलेज–मछलीशहर, माता–पिता इण्टर कॉलेज–बरहता, गंगादीन रामकुमार इण्टर कॉलेज–रामगढ़ बरावा, कन्चन बालिका इण्टर कॉलेज– बधवाँ बाजार, नागरिक इण्टर कॉलेज–जंघई, जनता इण्टर कॉलेज, चीताव, इण्टर कॉलेज– भंटेवरा, मालती इण्टर कॉलेज–कठार, होरीराव इण्टर कॉलेज–कुंवरपुर, सरस्वती इण्टर कॉलेज –उंचगाँव, श्री गिरिजाशंकर इण्टर कॉलेज– निभापुर सहित मछलीशहर के अनेक शिक्षण–संस्थाओं के प्रधानाचार्यों से सम्पर्क कर, प्रधानाचार्य परिषद को सुदृढ़ करने का आह्वाहन किया।

## कोर्ट के आदेश पर एसडीएम भीटी सुनील गिरफ्तार : कांशीराम आवास योजना में गड़बड़ी से जुड़ा है मामला

अंबेडकरनगर ब्यूरो : एसडीएम भीटी सुनील कुमार सोमवार रात गिरफ्तार कर लिए गए। हाईकोर्ट के आदेश पर चंदौली जनपद पुलिस ने यह कार्यवाई की। प्रकरण वर्ष 2013 में उनकी चंदौली जनपद में तैनाती से जुड़ा है। खबर है कि कांशीराम आवास योजना में कतिपय गड़बड़ी की शिकायत हुई थी। उसकी जांच इनके द्वारा ठीक ढंग से नहीं की गई थी। मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। बीते दिनों मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सुनील कुमार की गिरफ्तारी का आदेश जारी कर दिया था। इसी क्रम में चंदौली पुलिस देर शाम अंबेडकरनगर पहुंची। इसके बाद भीटी पुलिस टीम को साथ लेकर एसडीएम के अकबरपुर स्थित सरकारी आवास



पहुंची। वहां पुलिसकर्मियों ने उन्हें गिरफ्तारी का आदेश दिखाया। काफी देर एसडीएम और पुलिसकर्मियों के बीच गिरफ्तारी को लेकर बात हुई। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आधी रात तक चले घटनाक्रम के बाद रात में ही पुलिस टीम उन्हें लेकर चंदौली चली गई जहां आज मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसपी अजीत कुमार सिन्हा ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

# अंतर्राज्यीय शातिर चोरो के गिरोह का कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम ने किया पर्दाफाश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम के संयुक्त अभियान में अंतराज्यीय शातिर चोरो के गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा।पुलिस के मुताबिक इस गिरोह में शामिल इस गिरोह में शामिल चोरो का लक्ष्य वह मकान रहता था जिस मकान में कोई व्यक्ति नहीं रहता था।इस मामले का खुलासा एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने आयोजित पत्रकार वार्ता में किया।उन्होंने बताया कि थाना कोतवाली नगर व स्वॉट टीम की संयुक्त टीम ने अन्तर्राज्यीय चार शातिर चोरो को सर्राफ सहित गिरफ्तार किया।वही उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने चांदी के जेवरात, आला नकब मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त कार बरामद भी बरामद किया।पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी श्री सिंह ने बताया कि शनिवार को कोतवाली नगर क्षेत्र में एक ही मुहल्ले में दो बीमा एजेंटों के घर चोरो ने चोरी का वारदात कर लाखों का सामान व नकदी ले गये थे। इसके खुलासे के लिये प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी।जिसके चलते उन्होंने उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी सिविल लाइन,उप निरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सरोज,उप निरीक्षक संजय कुमार,उप निरीक्षक अशोक कुमार थाना कैण्ट व अन्य पुलिस बल ने सोमवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर टीवी टावर तिराहे के पास से सुबह जुबेर खान पुत्र हजरत अली,अरबाज पुत्र जुबेर निवासी रसूलपना थाना देवा जनपद बाराबंकी व मूल पता नत्था कोठी उत्तरी टोला कश्मीरी मोहल्ला नई बस्ती जनपद बाराबंकी, अल्ताफ जमाल सब जंगेरी पुत्र जमाल सब जंगेरी निवासी जंगेरी पोस्ट मलागी थाना मुन्डगोड़ जनपद उत्तरा कनाडा कर्नाटक प्रदेश व दिलीप कुमार रस्तोगी पुत्र हरगोविन्द निवासी R/ 345 रसूलपुर थाना को0नगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया। पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी ने बताया कि इस गैंग का मुखिया जुबेर खान है, जो अपने



बेटे अरबाज खान तथा रिश्तेदार अल्ताफ जमाल सब जंगेरी पुत्र जमाल सब जंगेरी निवासी जंगेरी पोस्ट मलागी थाना मुन्डगोड़ जनपद उत्तरा कनाडा कर्नाटक प्रदेश के साथ मिलकर अपनी कार यूपी 78 बी वाई 4902 से शहर व कस्बों मे दिन मे मोहल्लों मे घूमफिर कर रेकी करते हैं जिन घरों पर बाहर से ताला बन्द मिलता है उस घर को टारगेट कर रात्रि मे पुनः जाते हैं जब उन्हे यकीन हो जाता है कि घर मे कोई नही है तो अल्ताफ जमाल जो ताला तोड़ने में एक्सपर्ट है उसके द्वारा ताला तोड़कर मकान में घुस जाते है और एक व्यक्ति घर के कुछ दूर पर खड़ा रहकर देखभाल करता है। चोरी करने के बाद जो जेवरात मिलते हैं उसको सर्राफा दुकानदार दिलीप कुमार रस्तोगी पुत्र हरगोविन्द निवासी R/ 345 रसूलपुर थाना को0नगर जनपद बाराबंकी को कम दाम पर बेंचते हैं। सर्राफा दुकानदार के द्वारा चोरी किए गए जेवरातों को गलाकर बेंच दिया जाता है। जो पैसा मिलता है उसके अपने आर्थिक हितों की पूर्ति करते हैं। पूछताछ में इनके द्वारा जनपद लखनऊ, बाराबंकी,अयोध्या में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की गई है।एसपी सिटी ने बताया कि चोरी गये सोने चांदी के जेवरात व नकदी की बरादमगी पुलिस ने किया है।पुलिस ने उनके पास से कान की झुमकी 07 जोड़ी, (पीली धातु),कान के टप्स 01 जोड़ी, (पीली धातु),गले का हार 01 सेट, (पीली धातु),गले की चौन 03 (पीली धातु),अंगूठी 03 अदद(पीली धातु),नाक की नथ 01 अदद, (पीली धातु),लाकेट 01 अदद, (पीली धातु),सिक्के 12, (सफेद धातु),कंगन 02 जोड़ा, (सफेद धातु) कटोरी 04 , (सफेद धातु),गिलास 03, (सफेद धातु),थाली 01, (सफेद धातु),प्लेट 01, (सफेद धातु),चम्मच 04, (सफेद धातु),सिन्दूरदानी 01, (सफेद धातु),दीपकदानी 01, (सफेद धातु),पायल 09 जोड़ी, (सफेद धातु),पायजेब 01 जोड़ी, (सफेद धातु),बिछिया 06 जोड़ी, (सफेद धातु),लाकेट 01 अदद, (सफेद धातु)व नगद 11500 रुपया बरामद किया।

## खिरौनी नगर पंचायत में 15 सभासदों के पद में से 11 पद हो गए आरक्षित : 50% की जगह सभासद पद पर कर दिया 73% से ज्यादा आरक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज में शासन के जिम्मेदारों ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन को धता बताते हुए सभासद पद पर 73% से ज्यादा पद आरक्षित कर दिया। जिससे सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों में खासी बेचौनी व्याप्त है। ज्ञातव्य हो कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है कि सरकारी नौकरी हो अथवा चुनाव कुल मिलाकर पचास फीसदी सीटें ही आरक्षित की जा सकती है लेकिन यहां पर आरक्षण प्रक्रिया लागू करने वाले जिम्मेदारों ने खेल कर दिया। ज्ञातव्य हो कि यहां के पंद्रह वार्डो में केवल चार वार्ड विसुनपुर सारा पूर्वी, पियरा, कटरौली मध्य व साल्हेपुर निमैचा दक्षिणी ही अनारक्षित है बाकी के ग्यारह वार्ड बिसुहिया (अनु. महिला), सोहावल (अनु. महिला), साल्हेपुर निमैचा उत्तरी (अनु.), उचितपुर (अनु.), खिरौनी पश्चिमी (अनु.), विसुनपुर सारा पश्चिमी (अनु.), सुचित्तागंज पश्चिमी (पिछड़ी महिला), कटरौली उत्तरी (पिछड़ा), कटरौली दक्षिणी (पिछड़ी महिला), सुचित्तगंज पूर्वी(पिछड़ा वर्ग), खिरौनी पूर्वी (महिला) के लिए आरक्षित कर दिए गए। खिरौनी नगर पंचायत में सभासद पद पर चुनाव लडने वाले सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों में घोर निराशा व्याप्त है। इस बारे में नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक नगर पंचायतों का आरक्षण वहाँ की जातीय गणना के अनुरूप किया गया है तथा जहां पर अनुसूचित जाति की आबादी ज्यादा है वहां पर शासनादेश के निर्देशों के क्रम में दलित आरक्षण बढ़ा दिया गया है। ई.ओ. के अनुसार आरक्षण घोषित करने के बाद इसमें फेरबदल करने के लिए आपत्तियाँ माँगी गई थीं पर यहां से किसी ने आपत्ति दर्ज नहीं कराई इसलिए आरक्षण की स्थिति यथावत रह गई।

## किसानों की समस्याओं को लेकर धरने पर बैठा नव भारतीय किसान यूनियन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला अधिकारी 'मामला यह है कि प्रार्थी रामलौट 5 प्रतिशत रामचन्दर हरिजन, निवासी ग्राम रामपट्टी थाना खण्डाला तहसील मिल्कीपुर जिला भयोध्या का मूल निवासी हैं। प्रार्थी को आवालिय पट्टा मिला था प्रार्थी के रास्ते पर विपक्षी सहजराम 5: बाबू रामपट्टी निवासी रास्ता को अतिक्रमण कर रहे है लेखपाल ने हीं रास्ता को छोड़ वाया था सब लेखपाल मिली भगत से रास्ता में निमार्ण करवा दे रहें है। विपक्षी अपना चकनपवा लें द्य ग्राम समाज गाय सन् 1540 में रास्ता है। हमें खतौनी की जमीन नहीं चाहिए। प्रार्थी रोड से होकर अपने घर जा सके दस्त रोके जाने की कृपा करें। नव भारतीय किसान संगठन किसानों की समस्याओं का समाधान चाहती है– 1. यह की ग्राम राय पट्टी तहसील मिल्कीपुर गाटा संख्या 868 प्रार्थी का चक है जिसके पश्चिम दिशा में चकरोड नक्शा व रकबा अनुसार 5 मीटर है। मौके पर प्रधान द्वारा जबरन 8 मीटर की पटाई की गई है जिससे मेरा चक का रकबा कम हो गया है इसी तरह इसी गांव में गाटा संख्या 1632 मि0 120 हे० का कृषि पट्टा श्रीमती रमना पत्नी राम जियावन को मिला था और जहां नाप कर दिया गया था वही काबिज भी थी परंतु वर्तमान में जबरन उक्त भूमि में रास्ता पाटा जा रहा है और पट्टा धारक को अन्यत्र भूमि देने की मौखिक बात कही जा रही है इस तरह प्रधान ग्राम द्वारा व्यक्तिगत रंजिश बस अपने विपक्षियों के खेतों को अतिक्रमण कराया जाना उचित नहीं है तथा क्षेत्रीय लेखपाल ग्राम प्रधान के इशारे पर काम कर रहा है इसलिए पीड़ित किसानों को पूरा रकबा दिलाने के बाद ही निश्चित चक मार्ग पर कार्य कराया जाए जितना नक्शा रक्बा में अंकित है। तत्काल काम, अवैध निर्माण व कब्जा रोका जाए। –2– यह की शिव कुमारी विधवा रामगोविंद ग्राम चांदपुर हरबंस थाना पूरा कलंदर में पुलिस के संरक्षण में गरीब विधवा की भूमि पर अवैध अतिक्रमण करता चला जा रहा है तथा ड़िता ने मुकदमा भी दायर कर रखा है परंतु विपक्षी को अवैध निर्माण व कब्जा करने से स्थानीय पुलिस अमय दान प्रदान कर चुकी है शिकायत करने पर पीड़ित व उसके बीमार बेटे का ही चालान कर दिया जाता है अवैध अतिक्रमणकारी दबंग न माफियाओं पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है गरीब विद्या को भी अवैध अतिक्रमण से बचाया जाए। 2. ग्राम बेदापुर तहसील बीकापुर थाना तारून में यूरी पुलिस 112 की मौजूदगी में विपक्षी द्वारा घर में लूटपाट की गई पुलिस 112 द्वारा दी को पकड़कर थाने लाए, परंतु रात में थाने से छोड़ दिया गया रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई एफ आई आर दर्ज करा गिरफ्तारी कराई जाए। 3. यह की शर्मिला वाइफ ऑफ शत्रुघ्न के घर का रास्ता दो तरफ से था पूर्व में एक तरफ का रास्ता बंद किया गया जिसकी पुष्टि एसडीएम ने लिखित आदेश में भी किया परंतु अब दूसरा एकमात्र रास्ता भी बंद किया जा रहा है उसे अवरुद्ध करने से विपक्षी को तुरंत रोका जाए। 4. यह कि ग्राम तारापुर तहसील बीकापुर में गाटा संख्या 50 567 के बटवारा का वाद दायर है परंतु क्षेत्रीय लेखपाल की उदासीनता वह जानबूझकर विलंब से विवाद कौजदारी की संभावना पैदा की जा रही है। तत्काल न्यायोचित बटवारा सुनिश्चित कराया जाए। –4– तत्काल आवास दिलाया जाए तथा तहसील से आर्थिक मदद दिलाई जाए। 8. रामजी नाका हनुमानगढ़ी के सामने बैनामा की भूमि पर अवैध रूप से विपक्षी द्वारा अतिक्रमण जरिए गुंडई करना चाहते हैं उन्हें जरिए पुलिस तत्काल रोका जाना आवश्यक है तथा बैनामा अनुसार ढेड़ विरवा पर कोई अतिक्रमण ना करें। ७. ग्राम जनौरा अंदर नगर पालिका में राजकुमार पुत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश के नाम अंकित भूमि पर गलत रूप से गाटा संख्या 469 मि0 पर गलत रूप से क्षेत्रीय लेखपालों की शादी सन नाम दर्ज करा कर खरीद–फरोख्त की गई जिस पर स्थगन आदेश भी है परंतु निर्माण जारी है तुरंत स्थगन के अनुसार निर्माण करने वालों आशीष गुप्ता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य रुकवाया जाए। 10. जनौरा बौलिया में नाली बहाव व निर्माण के लिए नगरपालिका के अंदर, क्षेत्र आता है जिसका निस्तारण जल्द से जल्द कराने का कष्ट करें। 11. पुराने ज्ञापन जो दिये गये है उनका अवलोकन करते हुए अविलम्ब निस्तारण कराने की कृपा करें। दिनांक 11 / 2022 व 20/11/2022 त क्म्क संपन दिनांक 13–12–22 निस्तारण कराने का कष्ट करें। उक्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करने की कृपा करें जिसपर कहीं भी कोई सुनवाई नही हो रही जिसके कारण नवभारती किसान संगठन अराजनैतिक अनिश्चित काल तक भूख हड़ताल करने के लिए बाध्य है अगर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। धरने पर बैठे अनशन एवं कार्यकरताओं की सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था शासन प्रशासन की होगी। एन०वी० के०एस० की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

# सहादतगंज पर 2 लेन फ्लाईओवर का होगा निर्माण : बनेंगे तीन अंडर बाईपास –सांसद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या राम नगरी को विश्वस्तर की पर्यटन नगरी बनाने की कवायद जोर शोर से चल रही है। इसी क्रम में अब रामनगरी को चारों दिशाओं से जोडने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़को को फोर व सिक्स लेन में परिर्वतित करने का काम किया जा रहा है। 22.420 किमी के अयोध्या बाईपास पर काम अप्रैल से प्रारम्भ हो जायेगा। इस बाईपास में 3 अण्डर पास, एक रैम्प, सहादतगंज पर 2 लेन फ्लाईओवर, दोनों साइड में 7 मीटर की नई सर्विस लेन बनायी जायेगी। इसके साथ नये नाले का निर्माण कराया जायेगा। 90 एमएम मोटी वाइट टाइपिंग सड़क पर व 100 वाइट टाइपिंग सर्विस लेन पर की जायेगी। इस पर एमटीएस सिस्टम लगाया जायेगा। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि इस बाईपास की लागत 460 करोड़ आयेगी। उन्होने बताया कि लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर 4 से 6 लेन चौड़ीकरण में डीपीआर बन गया है। मार्च तक टेण्डर प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जायेगी। इसकी लम्बाई 245 किमी व लागत 4200 करोड़ आयेगी। 6 लेन में 43 फ्लाई ओवर व अण्डरपास बनाये जायेंगे। अयोध्या रिंगरोड का टेंडर जल्द फाइनल कर दिया जायेगा, जिसकी लम्बाई 67.5 किमी व लागत करीब 5 हजार करोड़ आयेगी। जनवरी तक अधिग्रहण व मुआवजा की कार्रवाई कर ली जायेगी। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर भूमि अधिग्रहण को लेकर मुआवजा की कारवाई की जा रही है, जिसमें करीब 6000 करोड़ का खर्च आयेगा। अयोध्या से प्रयागराज तक जोड़ने के लिए प्रतापगढ़ 4 लेन मार्ग का निर्माण किया जायेगा, जिसकी लम्बाई 90 किमी होगी। जिसमें करीब 2250 करोड़ का खर्च आयेगा। इसका डीपीआर मार्च 2023 तक बना लिया जायेगा। अयोध्या से मां विध्यवासिनी धाम मिजार्पुर व बनारस तक 4 लेन से जोड़ा जायेगा। जिसके लिए अकबरपुर से मिजार्पुर लगभग 5 हजार करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग 135ए का निर्माण होगा। जिसका ङीपीआर बनाया जा रहा है। अयोध्या से जगदीशपुर फोन लेन चौड़ीकरण पर युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है।

## डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए करन त्रिपाठी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के सम्मानित शिक्षाविद्, समाजसेवी एनआईसीटीई कंप्यूटर संस्थान के निदेशक एवं कंप्यूटर शिक्षक श्री करन त्रिपाठी जी को राजस्थान के जयपुर में रविवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कंप्यूटर साइंस में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री यू.सी.बारूपाल एवं विशिष्ट अतिथि पिलानी राजस्थान विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ ओ.पी. गुप्ता के द्वारा सम्मानित किया गया। करन त्रिपाठी को यह सम्मान उनके 20 वर्षों से कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में हर वर्ग के हजारों छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें बेहतर कंप्यूटर शिक्षा देने के लिए एवं समाज सेवा के लिए प्रदान किया गया। बीएससीआईटी, एमसीए एवं एमएससी कंप्यूटर साइंस की शिक्षा ग्रहण कर चुके करन त्रिपाठी ने एक शिक्षक के तौर पर अपने कैरियर की शुरुआत 2002 से 2005 तक लखनऊ, आजमगढ़,रायबरेली एवं प्रतापगढ़ आदि जनपदों में हजारों छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करते हुए 2006 से अब तक अयोध्या जनपद में एनआईसीटीई कंप्यूटर संस्थान के माध्यम से छात्रों को लगातार उच्च व बेहतर कंप्यूटर शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं। करन त्रिपाठी ने छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा देने के साथ–साथ अयोध्या जिले के सरकारी विभागों समाज कल्याण विभाग, आईटीआई,मंडी परिषद विभाग, खाद्य विभाग आदि से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सफलतापूर्वक कंप्यूटर प्रशिक्षण देने का कार्य किया है। कंप्यूटर शिक्षा के अलावा करन त्रिपाठी ने एक बेहतर समाजसेवी के रूप में भी अपनी अलग पहचान बनाई है उन्होंने कोरोनाकाल में लाकडाउन के समय में लगातार 52 दिन तक अयोध्या जिला प्रशासन,पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर अपने व्यक्तिगत मद से अयोध्या जिले के प्रभावित हजारों जरूरतमंदों को भोजन,वस्त्र एवं दवा आदि की सहायता कर मानवता की एक बेहतर मिसाल पेश की। इसके अलावा कोरोना काल में बेहतर योगदान देने वाले सभी कोरोना योद्धाओं को सम्मानित करते हुए उनके हौसले को बुलंद रखने का भी कार्य किया। करन त्रिपाठी का भविष्य में ऑफलाइन कंप्यूटर शिक्षा के अलावा ऑनलाइन कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से देश के अन्य छात्रों को जोड़कर उन्हें भी बेहतर कंप्यूटर शिक्षा देने की कार्य योजना है। करन त्रिपाठी ने यह सम्मान प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित करते हुए इसका श्रेय अपने माता पिता,परिवारजनों गुरुजनों एवं अपने संस्था के सहकर्मी सहित समस्त छात्रों एवं अपने सभी शुभचिंतकों को दिया। करन त्रिपाठी के इस उपलब्धि पर पूरे अयोध्या जिले के सभी वरिष्ठजनों,समाजसेवी संगठनों राजनीतिक दलों के नेताओं एवं अध्यापकों और छात्रों से उन्हें लगातार बधाई और शुभकामनायें प्राप्त हों रहीं हैं।

## अवध विश्वविद्यालय में महिला आत्मसुरक्षा के सिखाए गए गुण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ तथा महिला अध्ययन केंद्र द्वारा सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओ के लिए आत्म सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला कराटे संघ के सचिव हरिओम मिश्रा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीक सीखाएं। इनकी सहयोगी प्रशिक्षक याशिनी दीक्षित रहीं। दोनों ने अपर ब्लाक, मीडिल ब्लाक, लोअर ब्लाक चेस्ट पंच कराटे की अलग–अलग सुरक्षात्मक तकनीक के गुर सीखाएं। उन्होंने कहा कि असली लड़ाई हम अपने मस्तिष्क से जीत सकते है यदि इन तकनीकों का प्रयोग करें। तो 90 प्रतिशत हम वही जीत जाते है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के खिलाफ बलात्कार, छेड़छाड़, अपहरण और हत्या के मामले आये दिन देखने को मिलते है। इसलिए महिलाओं को आत्मरक्षा तकनीक का गुर सीखना बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक ने कहा कि सेल्फ डिफेंस तकनीक से अवगत कराया। जिसका उपयोग करके बालिकाएं विषम परिस्थिति से अपने आप को निकाल सकती हैं। महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो0 तुहिना वर्मा ने कहा कि सेल्फ डिफेंस से बालिकाओं में शारीरिक बौद्धिक तथा मानसिक शक्तियों का विकास होता है। जिसका उपयोग करके बालिकाएं समाज में हो रहे अपराधों से मुक्ति पा सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सेल की सह समन्वयक डॉ0 मनीषा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 महिमा चौरसिया, डॉ0 स्नेहा पटेल, डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी, इंजीनियर निधी, शालिनी पाण्डेय, श्रेया, विनीता पटेल, सरिता पाठक, गायत्री वर्मा, सरिता भास्कर, निहारिका श्रीवास्तव, सरिता भास्कर, निहारिका श्रीवास्तव तथा बड़ी संख्या में छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखें।

# वालीबॉल (पुरुष महिला) कुलपति बिग्रेड व कुलसचिव बिग्रेड खेलकूद प्रतियोगिता–2022

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर के क्रीड़ा विभाग में अन्तर्विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन प्रशासनिक खेल मैदान में किया गया।अंतर विभागीय वालीबॉल (महिला) वर्ग प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बी फार्मा विभाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंतर विभागीय वालीबॉल (पुरुष) वर्ग प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा खेल एवं योगिक विज्ञान संस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कुलपति व कुलसचिव बिग्रेड के (पुरुष वर्ग) में कुलसचिव बिग्रेड में श्याम कुमार व अनूप सिंह द्वारा अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कुलपति बिग्रेड में डॉक्टर रतेंद्र गौतम व डॉक्टर कपिल राणा द्वारा अच्छा प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में धीरज, अविनाश सिंह, वरुण सिंह, सौरभ दुबे, आदर्श सिंह, जयेंद्र सिंह, दीपमणि मिश्रा क्रीडा प्रभारी डॉ मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि दिनांक 20 दिसम्बर को छात्र छात्रा वर्ग के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.आर.के. सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# आबादी वाले क्षेत्र से विद्युत तार ले जाने की समस्या को लेकर एसडीएम से मिले ग्रामीण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सरेठी ग्राम सभा में एयरपोर्ट के लिए बिजली विभाग की ओर से मल्टीनैशनल टावरों द्वारा सरेठी गांव के ऊपर आबादी वाले क्षेत्र से से विद्युत तार ले जाने की समस्याओं को लेकर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह और सरेठी गांव के ग्राम प्रधान तथा ग्राम वासियों ने तहसील परिसर में एसडीएम सदर विशाल कुमार से मुलाकात की। प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि आज हम ग्रामसभा सरेठी की समस्या को लेकर एसडीएम सदर से मुलाकात करने आए थे। वार्ता के बाद एसडीएम सदर विशाल कुमार ने आश्वासन दिया कि गांव वालों की समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा जिसके लिए आज हमने अपनी टीम को गांव में भेजा है। सरेठी के ग्राम प्रधान रक्षा राम यादव ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा मल्टीनेशनल टावर के तारों को गांव के आबादी वाले क्षेत्रों से ले जाने की समस्या को लेकर हम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ तथा समस्त ग्राम वासियों के साथ एसडीएम सदर से मिलने आए थे जिन्होंने आश्वासन दिया है कि ग्राम वासियों की समस्या को दूर किया जाएगा और उनकी पूरी मदद की जाएगी।

## रजिस्ट्रार पद पर तैनात विनय त्रिपाठी का बीएसए कार्यालय में हुआ सम्मान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला समन्वयक एम.डी.एम. अयोध्या में तैनात विनय कुमार त्रिपाठी जी का चयन गत दिनों रजिस्ट्रार उत्तर प्रदेश होमीयोपैथिक मेडीसिन बोर्ड लखनऊ के पद पर हो गया था।जिनके सम्मान में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी



कार्यालय पर एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय कक्ष में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने उन्हें पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर उनका स्वागत करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। वही इसी कड़ी में उनके जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय के अलावा वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा,समस्त ब्लॉक के खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ साथ समस्त जिला समन्वयक एवं कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आरक्षी से मुख्य आरक्षी पर प्रोन्नति हुये सभी आरक्षियों को डीआईजी ने किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोमवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय में तैनात उन आरक्षियों के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दे रही थी जिनकी प्रोन्नति आरक्षी से मुख्य आरक्षी पद पर हुई



थी।जिन्हें सोमवार को डीआईजी अयोध्या रेंज अयोध्या अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने बधाई दिया। इस मौके पर अमरेन्द्र प्रसाद सिंह डीआईजी अयोध्या रेंज अयोध्या ने अपने कार्यालय में नियुक्त सभी आरक्षियों सुरेश सिंह, नारायण सिंह, प्रशांत चतुर्वेदी, सत्यप्रकाश पाण्डेय, अनूप सिंह, प्रशांत सिंह, दिवाकर सिंह, मो0कासिम अंसारी, पवन सिंह, सुनील यादव, मुमताज, प्रशांत सिंह को आरक्षी से मुख्य आरक्षी पद पर प्रोन्नत होने पर वर्दी में फीती लगाकर बधाई दिया। वही इस मौके पर उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दिया।डीआईजी अयोध्या रेंज ने सभी प्रोन्नति पाये मुख्य आरक्षियों को समाज के प्रति दायित्व एवं कर्तव्यों को जिम्मेदारीपूर्वक और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया।

## लोकगायिका समेत तीन विभूतियों को मिला माटी रतन सम्मान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अशफाक उल्ला खान की शहादत दिवस के मौके पर शहीद अशफाक उल्ला शोध संस्थान ने प्रेस क्लब में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें तीन विभूतियों को माटी रतन सम्मान से नवाजा गया। हिंदी साहित्य में वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेश, उर्दू में प्रो याकूब यावर व लोक कला में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को माटी रतन सम्मान से सम्मानित किया गया। पिछले 24 वर्षों से शहीद अशफाक उल्ला शोध संस्थान यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। माटी रतन सम्मान पाकर नेहा सिंह राठौर काफी उत्साहित नजर आई उन्होंने बताया कि आज मुझे यह सम्मान पाकर बहुत गौरव महसूस हो रहा है। अयोध्या में राम पथ चौड़ीकरण से परेशान लोगों के लिए उन्होंने कहा कि जैसे वह सभी परेशान है वैसे मैं भी परेशान हूं। उन्होंने कहा कि इस समय मैंने भोजपुरी मैं अश्लीलता समाप्त करने के लिए मुहिम छेड़ी है जिसमें बहुत जल्दी कामयाबी मिलने वाली है। लोक गायिका ने कहा कि मेरे कई नए–नए लोकगीत जल्द ही आ रहे हैं जो कि लोगों की आम समस्याओं से जुड़े हैं।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।